**NEWS CLIPPING:02.12.2021**

# PIONEER

# जेसी बोस विवि में विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विविविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विवि एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस रैली का शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, प्रोक्टर प्रो. मुनीश वशिष्ठ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की उपस्थित में किया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा एचआईवी पॉजिटिव एवं एड्स से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता के वैश्विक प्रतीक के रूप में रैड रिबन पहने हुए थे। कुलपति राज नेहरू ने एड्स जागरूकता के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विवि एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को एड्स के खिलाफ जागरुकता फैलाने और एड्स से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन दिखाने के लिए मनाया जाता है। इस बीमारी से रोकथाम के लिए निवारक उपायों के बारे में सही जानकारी होना जरूरी है, जिसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है।



**जेसीबोस विवि में एड्स दिवस पर आयोजित जागरूक रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।**

**NEWS CLIPPING:02.12.2021**

# PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली

फरीदाबाद, 1 दिसम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



*एड्स जागरूकता रैली में हिस्सा लेते हुए विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक।*

इस रैली का शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, प्रोक्टर प्रो. मुनीश वशिष्ठ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की उपस्थित में किया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा एचआईवी पॉजिटिव एवं एड्स से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता के वैश्विक प्रतीक के रूप में रैड रिबन पहने हुए थे। कुलपति राज नेहरू ने एड्स जागरूकता के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को एड्स के खिलाफ जागरूकता फैलाने और एड्स से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन दिखाने के लिए मनाया जाता है। इस बीमारी से रोकथाम के लिए निवारक उपायों के बारे में सही जानकारी होना जरूरी है, जिसके लिए जन जागरूकता आवश्यक है। इस जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के एड्स जागरूकता संबंधी पोस्टरों का प्रदर्शन किया। यह रैली विश्वविद्यालय के सीवी रमन विज्ञान खण्ड से शुरू होकर कलाम चैक पर संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी गई तथा एड्स पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से एड्स को लेकर भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया।

**NEWS CLIPPING:02.12.2021**

# DAINIK JAGRAN


## एड्स से बचाव को किया जागरूक

जासं, फरीदाबाद : विश्व एड्स दिवस पर जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल की ओपीडी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.शीला भगत ने ओपीडी में आने वाले लोगों को एचआइवी के लक्षण एवं उसके बचाव के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि स्वयं सुरक्षित रह कर एचआइवी से बचाव संभव है। एचआइवी फैलने के चार कारण हैं। इनमें असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का प्रयोग, संक्रमित रक्त चढ़ाने और चौथा मां से बच्चे को एचआइवी वायरस से संक्रमित होना है। एचआइवी विभाग के कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर होने के चलते एएनएम छात्राओं द्वारा अस्पताल परिसर में ही जागरूकता रैली निकाली।

कार्यक्रम में डा.रोहित गौड़ और टीबी एचआइवी कार्यक्रम के संयोजक सुभाष गहलोत, राजकुमार, बिजेंद्र, अशोक, वीरेंद्र, विकास प्रवीण, यथार्थ और साधना जी मौजूद थे।

**रैली निकालकर एड्स के प्रति किया जागरूक:** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय के कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। इसका शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो.अतुल मिश्रा, कंप्यूटर ईंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, प्रो.मुनीश वशिष्ठ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डा.पवन सिंह मलिक की उपस्थिति में किया गया। रैली के दौरान छात्र एवं छात्राओं ने लाल रिबन पहने हुए थे। एड्स पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से एड्स को लेकर भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया।



एड्स जागरूकता रैली में हिस्सा लेते हुए विवि के विद्यार्थी ● यूनिवर्सिटी पीआरओ

### एनआइटी तीन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआइटी तीन में जूनियर रेडक्रास, सेंट जान एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स ने एड्स ज्ञान बचाए जान विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य एचआइवी संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

**NEWS CLIPPING:02.12.2021**

# PIONEER

## जेसी बोस के जीवन से ले सीख

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आज आचार्य जगदीश चंद्र बोस को उनकी 163वीं जयंती पर याद किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। जगदीश चंद्र बोस भारत के आधुनिक विज्ञान के अग्रदूत और बेतार संचार के जनक थे। कुलपति राज नेहरू ने विवि में जगदीश चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति ने कहा कि जेसी बोस अपने समय से काफी आगे थे। उन्होंने कहा कि आचार्य बोस का जीवन युवा शोधकर्ताओं के लिए आदर्श होना चाहिए और उन्हें महान भारतीय वैज्ञानिक के जीवन और कार्यों से सीखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चन्द्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विवि का नामकरण किया था।

**NEWS CLIPPING:02.12.2021**

# HINDUSTAN

# एड्स के प्रति जागरूक किया

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विश्व एड्स दिवस के मौके पर रैली निकाल एड्स के प्रति जागरूक किया गया।

इसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य पाठ्यक्रमों के छात्रों ने हिस्सा लिया। रैली का शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, प्रोक्टर प्रो. मुनीश वशिष्ठ और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक ने मिलकर किया। कुलपति राज नेहरू ने जागरूक करते हुए कहा कि हर साल एक दिसंबर को एड्स के खिलाफ जागरूकता फैलाने और एड्स से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन दिखाने के लिए ये दिन मनाया जाता है।

**NEWS CLIPPING:02.12.2021**

# AMAR UJALA

## विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली निकाली

बल्लभगढ़। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली। इसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसका शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, प्रो. कोमल भाटिया, प्रो. मुनीश वशिष्ठ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की उपस्थित में किया गया।

प्रतिभागियों द्वारा एचआईवी पॉजिटिव एवं एड्स से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता के वैश्विक प्रतीक के रूप में रेड रिबन पहने हुए थे। कुलपति राज नेहरू ने एड्स जागरूकता के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की। रैली विश्वविद्यालय के सीवी रमन विज्ञान खंड से शुरू होकर कलाम चैक पर संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी गई तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। संवाद

NEWS CLIPPING:02.12.2021

# AAJ SAMAJ

# जेसी बोस विवि में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन

**आज समाज नेटवर्क**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें पत्रकारिता एवं सामाजिक कार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस रैली का शुभारंभ कम्युनिकेशन एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल मिश्रा, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. कोमल भाटिया, प्रोक्टर प्रो. मुनीश वशिष्ठ तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की उपस्थित में किया गया। रैली के दौरान प्रतिभागियों द्वारा एचआईवी पॉजिटिव एवं एड्स से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता के वैश्विक प्रतीक के रूप में रैड रिबन पहने हुए थे। कुलपति राज नेहरू ने एड्स जागरूकता के लिए छात्रों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को एड्स के खिलाफ जागरूकता फैलाने और एड्स से पीड़ित लोगों के लिए समर्थन दिखाने के लिए मनाया जाता है। इस बीमारी से रोकथाम के लिए निवारक उपायों के बारे में सही जानकारी होना जरूरी है, जिसके लिए जन-जागरूकता आवश्यक है। इस जागरूकता रैली में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के एड्स जागरूकता संबंधी पोस्टरों का प्रदर्शन किया। यह रैली विश्वविद्यालय के सीवी रमन विज्ञान खण्ड से शुरू होकर कलाम चैक पर संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी गई तथा एड्स पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से एड्स को लेकर भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया।